# मप्र में चल रहा है निवेशकों का यज्ञ : डॉ . यादव

## दुबई और स्पेन में औद्योगिक निवेश की होगी ब्रांडिंग

**भोपाल, 13 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में निवेशकों का यज्ञ चल रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर निवेशकों से समर्थन मिल रहा है. प्रदेश सरकार आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही है.**



विगत एक वर्ष में प्रदेश के संभागों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में रोड-शो आयोजित किए गए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को नई दिल्ली से दुबई रवाना होने से

**13 से 19 के बीच दुबई, स्पेन की यात्रा की जा रही है.**

**30 लाख करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ था.**

पहले अपने संदेश में यह बात कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 लाख करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ था. निवेश आकर्षित करने का यह सिलसिला लगातार जारी है. हाल ही में सूरत, लुधियाना और जोधपुर में भी सफल रोड-शो का आयोजन किया गया है. इसी क्रम में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 13 से 19 जुलाई के बीच दुबई और स्पेन की यात्रा की जा रही है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दुबई और स्पेन की यात्रा के माध्यम से विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश संभावनाओं और आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा. इस यात्रा के दौरान दुबई और स्पेन के निवेशकों के बीच राज्य की औद्योगिक निवेश के संबंध में ब्रांडिंग की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश विदेशी निवेश में शीर्ष राज्य बने. प्रदेश में सभी प्रकार के उद्योग, भारी उद्योग, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम, आईटी सहित पर्यटन, वन, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं. साथ ही प्रदेश के विभिन्न अंचलों जैसे चंबल, महाकौशल, विंध्य, मालवा और बुंदेलखंड अंचल की विशेषताओं के आधार पर अनुकूल प्लानिंग के साथ विदेशी सरकारों के सौजन्य से विदेशी निवेशकों से चर्चा की जाएगी.

> मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह दौरा किया जा रहा है . उन्होंने कहा कि इस यात्रा के पहले वे प्रदेशवासियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मध्यप्रदेश सरकार सभी वर्गों महिला, युवा, किसान और गरीब के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इसी प्रकार से काम करती रहेगी .



### पूर्व सीएम से मिले अध्यक्ष खंडेलवाल

**भोपाल .** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान के भोपाल स्थित निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की .

### एक नजर में

#### करणी सेना पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**हरदा .** जिले में पुलिस और करणी सैनिकों के बीच जोरदार टकराव हुआ . जिसमें थाना सिटी कोतवाली परिसर के बाहर प्रदर्शन कर रहे करणी सैनिकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया . करणी सेना का आरोप था कि पुलिस धोखाधड़ी के मामले के एक आरोपी को संरक्षण दे रही है . बता दें कि हरदा में पैसों के लेनदेन को लेकर करणी सेना कार्यकर्ताओं ने थाना सिटी कोतवाली का घेराव किया . कार्यकर्ताओं का आरोप था कि पुलिस ने धारा 420 के एक आरोपी को पैसे लेकर संरक्षण दिया है. करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत के नेतृत्व में थाने के बाहर प्रदर्शन किया गया .

#### पत्नी को जहर खिलाकर मारा, फिर जमीन में गाड़ा

**रीवा .** रीवा के सोहागी थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर 9 महीने से फरार चल रहे आरोपी पति को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है . आरोपी ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की थी और फिर उसे जमीन में गाड़ दिया था . पुलिस ने आरोपी के ऊपर 20 हजार का इनाम भी घोषित किया था और तब से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी . घटना को लेकर एसडीओपी उदित मिश्रा ने बताया कि सोहागी पुलिस ने करीब 9 महीने से फरार आरोपी देवमुनि मांझी को गिरफ्तार किया है . आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या जहर खिलाकर की थी और शव को खेत में गाड़कर अपनी बेटी को साथ लेकर भाग गया था .

# कलेक्टर ने छात्र को जड़े दो थप्पड़

## वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप



**भिंड, 13 जुलाई. मध्यप्रदेश के भिंड जिले के कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव का परीक्षा के दौरान पेपर परीक्षा केंद्र से बाहर भेजने के आरोपी एक छात्र को थप्पड़ मारने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.**

हालांकि ये वीडियो लगभग तीन महीने पुराना बताया जा रहा है, जो कल देर रात से सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इस मामले को लेकर राजनीति भी शुरु हो गई है. घटना एक अप्रैल 2025 की बताई जा रही है, जब स्नातक परीक्षाओं के दौरान नकल की शिकायतों पर कलेक्टर ने पंडित दीनदयाल कॉलेज, लाड़मपुरा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया था. वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कलेक्टर छात्र से पूछताछ कर रहे हैं, लेकिन छात्र जवाब नहीं देता. इस पर कलेक्टर गुस्से में आकर उसे दो थप्पड़ मारते हैं. घटना के बाद छात्र को परीक्षा से बाहर कर दिया गया था. छात्र रोहित राठौर पर आरोप है कि उसने बीएससी फिजिक्स का पेपर सेंटर से बाहर भिजवाया था, ताकि हल कराकर वापस मंगाया जा सके.

> छात्र रोहित राठौर ने आरोप लगाया कि वह उस दिन फिजिक्स की परीक्षा में बैठा था . टॉयलेट के लिए गया, जब लौटकर आया तो पेपर टेबल से गायब था . तभी कलेक्टर मौके पर पहुंचे और बिना पूछे थप्पड़ मार दिए . उसका कहना है कि उसके कान में चोट आई और इसके बाद उस पर नकल का प्रकरण भी बना दिया गया . उसने यह भी आरोप लगाया कि उसका पक्ष नहीं सुना गया . वहीं कलेक्टर श्रीवास्तव ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आज यहां कहा कि घटना पुरानी है .

# शिवराज के विदिशा में जीवन संकट में

## जीतू ने पूर्व सीएम पर साधा निशाना

**भोपाल, 13 जुलाई. विदिशा जिले की बदहाली आज पूरे प्रदेश के लिए आईना बन चुकी है. अति-वृष्टि के कारण पूरा शहर जलमग्न है. घरों में पानी घुस चुका है, स्कूल बंद हैं, अस्पतालों में इलाज की सुविधा नदारद है, बीमारियां फैल रही हैं.**



दुर्भाग्य यह है कि यह सब उस विदिशा में हो रहा है, जिसका नेतृत्व वर्षों तक प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करते रहे हैं. विदिशा की पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक हैं, फिर भी हालात इतने खराब हैं कि लोग तिरपाल डालकर अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं. गंज बासौदा के बेहलोट बायपास स्थित श्मशान घाट की दुर्दशा इसका जीवंत उदाहरण है. अंतिम संस्कार के समय चिता पर टपकते पानी और जर्जर टीन शेड से टपकती बूंदें - यह प्रदेश के सिस्टम पर सीधा तमाचा है. टीन शेड की जगह तिरपाल डालकर चिता को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन आग से तिरपाल भी जल गई. सवाल यह है कि जिन लोगों को अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार तक में सुकून नहीं मिल रहा, वे इस सरकार से क्या उम्मीद करें?

इस अव्यवस्था के बीच अब विदिशा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की सच्चाई भी सामने आ रही है. हाल ही में जानकारी मिली है कि जिले में अधिकतर क्लीनिक और छोटे अस्पताल, चाहे वे शहर में हों या सुदूर ग्रामीण अंचलों में नकली डॉक्टरों और झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा चलाए जा रहे हैं.

> विदिशा में नकली खाद, नकली बीज और कीटनाशक से किसान त्रस्त हैं . स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री को किसानों के खेतों में उतरकर यह स्वीकार करना पड़ा कि किसानों को नकली सामग्री दी जा रही है . यह सिर्फ कृषि तंत्र की विफलता नहीं, यह भाजपा शासन में फैले गहरे और संगठित भ्रष्टाचार की गवाही है . हर साल की तरह इस साल भी जलभराव की समस्या से पूरा शहर कराह रहा है . नगर पालिका की तैयारियों की पोल खुल चुकी है . क्या हर बार की तरह सिर्फ ट्वीट और फोटोशूट से समस्याएं हल होंगी ?

# रंगे हाथ पकड़े गए सचिव को दोबारा मिली जिम्मेदारी

**5,000 की रिश्वत मांगी थी**




## कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

**उमरिया, 13 जुलाई. उमरिया जिला पंचायत ने लोकायुक्त ट्रैप में रंगे हाथ पकड़े गए पंचायत सचिव को पुनः सचिवीय कार्य सौंप दिया है. इस निर्णय पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं. कांग्रेस नेता त्रिभुवन सिंह ने पंचायत के इस फैसले को प्रशासनिक गिरावट का प्रतीक बताया है.**

मामला सामने आने के बाद बड़ा गांव पंचायत के ग्रामीणों ने भी इस नियुक्ति का विरोध करते हुए रामू सोनी को हटाने की मांग की है. इस नियुक्ति पर कड़ा विरोध जताते हुए कांग्रेस नेता त्रिभुवन सिंह ने कहा कि यह फैसला उन तमाम ग्रामीणों के साथ धोखा है जो ईमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद करते हैं. एक भ्रष्ट अधिकारी को दोबारा पद देना, सरकार की कथनी और करनी में अंतर को उजागर करता है. मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह से प्रतिक्रिया ली गई, तो उन्होंने कहा, ऑफिस मुझे चलाना है. उनकी यह प्रतिक्रिया दर्शाती है कि भ्रष्टाचार के मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर कितनी लापरवाही बरती जा रही है.

चौंकाने वाली बात यह रही कि ट्रैप के कुछ ही महीनों बाद जिला पंचायत उमरिया ने 3 जुलाई को आदेश जारी कर रामू सोनी को ग्राम पंचायत बड़ागांव (जनपद पंचायत करकेली) में सचिवीय दायित्व सौंप दिया. 7 जुलाई को रामू सोनी ने नए पद पर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया.

> **क्या है पूरा मामला?**
>
> 24 दिसंबर 2024 को लोकायुक्त संगठन रीवा की टीम ने पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद के निर्देश पर उमरिया में ट्रैप कार्रवाई की थी . ग्राम पठारी कला निवासी नत्थूलाल बैगा ने शिकायत की थी कि उनके दिवंगत पुत्र राजकुमार बैगा की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से 2019 में हुई थी . उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के बदले ग्राम पंचायत सचिव रामू प्रसाद सोनी ने 5,000 रुपए की रिश्वत मांगी थी . शिकायत का सत्यापन होने के बाद लोकायुक्त ने टीम गठित कर आरोपी रामू सोनी को रिश्वत लेते हुए उमरिया के पुराने बस स्टैंड के सामने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था .



# कई स्थानों पर की छापेमारी, लाखों का माल जब्त

**अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का सख्त एक्शन**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने महू क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए कई ठिकानों पर दबिश दी. इस दौरान 11 प्रकरण दर्ज किए गए, एक वाहन जब्त किया और लाखों रुपए की अवैध शराब पकड़ी.**

आबकारी अधिकारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में की गई इस संयुक्त कार्रवाई में पीठ रोड, सुतारखेड़ी, भोंडिया तालाब और जामली क्षेत्रों में छानबीन की गई. यहां छिपाकर रखी गई करीब 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई, वहीं 2 हजार किलो महुआ लाहन को मौके पर नष्ट कर दी. जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 2 लाख 08 हजार रुपए आंकी गई है. इसके अलावा रामकृष्ण बाग क्षेत्र में मालवा मिल वृत की टीम ने एक चार पहिया वाहन एमपी-40 एमबी 8453 को रोका, जिसमें 100 पाव देशी मदिरा प्लेन अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी. वाहन सहित शराब जब्त कर ली गई है और आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है. आबकारी अधिकारी अरविंद शर्मा ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई लगातार की जाएगी.



# कार से 30 घड़ियाल बरामद

**पहली बार घड़ियालों की तस्करी करने वाले गिरोह के 3 गिरफ्तार**

**मुरैना, 13 जुलाई. जिले के जौरा कस्बे में वन विभाग की टीम ने तीन घड़ियाल तस्करों को पकड़ा है.**

उनके कब्जे से 30 घड़ियाल भी बरामद किए हैं. जौरा के वन विभाग के डिप्टी रेंजर विनोद उपाध्याय को सूचना मिली कि कुछ तस्कर घड़ियालों को लेकर आ रहे हैं. विनोद उपाध्याय ने तुरंत इसकी सूचना जौरा थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव तथा एसडीओपी नितिन बघेल को दी. आनन फानन में पुलिस ने तुरंत चेकिंग लगा दी. इस समय सामने से एक चार पहिया गाड़ी चली आ रही थी. उस गाड़ी को रोककर उसकी जब तलाशी ली गई तो उसमें 30 घड़ियालों के बच्चे पाए गए.

# मूसलाधार बारिश से अब जनजीवन खतरे में

## आधादर्जन जिलों में भारी बारिश, ऑरेंज अलर्ट

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. मप्र में मानसून के सक्रिय होने से मूसलाधार बारिश का दौर लगातार जारी है. सोमवार को प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में मूसलाधार बारिश के आसार हैं.**



विदिशा, राजगढ़, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी और श्योरपुर कलां जिलों में बारिश की संभावना को लेकर पूर्वानुमान लगाया गया है. इन जिलों में मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है. इस दौरान 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी. मौसम विभाग ने इसके साथ सतना, नर्मदापुरम, सिंगरौली, सीधी, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, धार, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, नीवाड़ी सहित जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है. इन जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. प्रदेश में फिलहाल 14 जुलाई तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना पूर्व में जताई गई है. अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और पश्चिम बंगाल तथा ओडिशा के आसपास के तटीय क्षेत्रों में एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है.

> मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में, मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, ग्वालियर, बांदा, सीधी, जमशेदपुर, दीघा से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक पहुँचती है और समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक फैली हुई है, जो ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुकी हुई है .

# विस अध्यक्ष करेंगे मंथन

**7 राज्यों के विस अध्यक्ष होंगे शामिल, रखेंगे राय**

**भोपाल, 13 जुलाई. देश की विधानसभाओं में गठित होने समितियों की प्रणाली की समीक्षा के लिए मप्र विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में 7 राज्यों के विस अध्यक्षों की समिति गठित की गई थी.**

इस समिति की पहली बैठक 14 जुलाई को विस सचिवालय में होगी. बैठक की अध्यक्षता विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे. इसको लेकर तोमर ने बैठक स्थल का जायजा लिया. इस दौरान पीएस एपी सिंह, सचिव अरविंद शर्मा थे. बैठक में उप्र विस अध्यक्ष



सतीश महाना, राज. विस अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, हिमाचल विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सिक्किम विस अध्यक्ष मिंगमा नोरबू, ओडिशा विस अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी एवं प.बं. विस अध्यक्ष बिमान बनर्जी भाग लेंगे. बैठक में विधान मंडलों में समिति प्रणाली की समीक्षा की जाएगी एवं उन्हें सुदृढ़ बाने पर विचार मंथन होगा. गौरतलब है कि बैठक के मिनट्स लोकसभा में प्रस्तुत किये जाएंगे.

**सावन सोमवार** | सावन के पहले सोमवार को भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे भगवान भोलेनाथ

# वैदिक उद्घोष के साथ होगा महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सवारी का स्वागत

**उज्जैन. श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सोमवार की सवारी में वैदिक उदघोष के साथ श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सवारी का स्वागत होगा इसके अतिरिक्त गतवर्षानुसार जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के माध्यम से भगवान श्री महाकालेश्वर जी की सवारी में जनजातीय कलाकारों का दल भी सहभागिता करेगा।**



श्री महाकालेश्वर जी की सवारी को अधिक भव्य रूप देने हेतु प्रत्येक सवारी में अलग-अलग थीम रखी गई है, जिसमें प्रथम सोमवार को निकलने वाली श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी में भगवान श्री मनमहेश के स्वरूप में रजत पालकी में विराजित होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे. श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सवारी 14 जुलाई को वैदिक उदघोष कार्यक्रम होगा. प्रथम सवारी अवसर पर महाकालेश्वर की सवारी का क्षिप्रातट पर पूजन के दौरान 500 से अधिक वैदिक बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रों से उदघोष के रूप में अर्चन किया जाएगा. माँ क्षिप्रा के तट पर दोनों ओर दत्त अखाड़ा क्षेत्र व रामघाट क्षेत्र में मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित श्री महाकालेश्वर वैदिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के अतिरिक्त उज्जैन में संचालित 25 गुरूकुलों के 500 से अधिक बटुकों द्वारा वेद उदघोष किया जाएगा.

### विभिन्न जनजातियों के दल सम्मिलित होंगे

> 14 जुलाई को मध्यप्रदेश के घासी जनजातीय घसियाबाजा नृत्य सीधी, गोण्ड जनजातीय गुन्नूरसाई नृत्य सिवनी, कोरकू जनजातीय ढांढल नृत्य अनूपपुर एवं सैरा लोक नृत्य, सागर का दल श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रथम सवारी में पालकी के आगे भजन मंडलियों के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए चलेगा . विभिन्न जनजातियों के दल श्री महाकालेश्वर भगवान की सभी सवारियों में सम्मिलित होंगे .

## ओंकारेश्वर में निकलेगी सवारी, नौका विहार कराएंगे





**ओंकारेश्वर.** श्रावण मास की प्रथम सवारी सोमवार को निकलेगी. 50 हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है. प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए हैं पालकी दोपहर में 4 बजे मंदिर से निकलेगी और कोटी तीर्थघाट पर पालकी में विराजमान ओंकारेश्वर भगवान की मूर्ति की पूजा अर्चना विद्वान पंडितों द्वारा की जाएगी. उसके बाद नौका विहार कराया जाएगा. दक्षिण तट पर ममलेश्वर मंदिर की पालकी आएगी. दोनों पाल की काशी विश्वनाथ बलवाड़ी पुराने बस स्टैंड होकर रात्रि 10 बजे मंदिर पहुंचेगी. प्रशासन ने चाक चौबंद प्रबंध किए हैं. सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं. प्रथम सोमवार को करीब 50 हजार भक्तों के आने की संभावना है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60